राजीव गौबा
Rajiv Gauba

सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत महोत्सव

मंत्रिमंडल सचिव
भारत सरकार
CABINET SECRETARY
GOVERNMENT OF INDIA

संदेश

हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर मेरी ओर से शुभकामनाएं।

विविधता में एकता को संजोए हमारे देश भारत में अनेक भाषाएँ और बोलियाँ हैं। हमारी सभी भाषाओं का गौरवपूर्ण इतिहास रहा है और साहित्य की दृष्टि से ये सभी बहुत सम्पन्न हैं। किन्तु भारत जैसे विशाल लोकतान्त्रिक देश में सरकार और जनता के बीच एक संपर्क भाषा की आवश्यकता को देखते हुए अधिकांश देशवासियों द्वारा समझी और बोली जाने वाली हिंदी भाषा को 14 सितम्बर, 1949 को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया और तभी से प्रत्येक वर्ष यह दिन "हिंदी दिवस" के रूप में मनाया जाता है।

आज हिंदी अपनी सहजता और सरलता के गुणों के कारण न केवल देशभर मे हर क्षेत्र में बल्कि विश्व पटल पर भी अपनी उपस्थिति प्रभावशाली ढंग से दर्ज करा रही है। कला, साहित्य, वाणिज्य और व्यापार के बाद अब विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी यह आगे बढ़ रही है। सरकार की नीतियाँ और कार्यक्रम जब जनता की भाषा में आमजन तक पहुँचते है तब वे और भी ज्यादा सार्थक और सफल होते हैं। सरकारी काम-काज में भी हिंदी के प्रयोग में यद्यपि निरंतर सुधार हो रहा है, किन्तु इसमें और सुधार करने की जरूरत है। सरकारी कार्यालयों में सभी उच्च अधिकारी इसके लिए अनुकूल वातावरण बनाएँ और सभी अधिकारियों को फाइलों पर टिप्पण, मसौदा तथा पत्राचार मूल रूप से सरल और सहज हिंदी में करने के लिए प्रेरित करें।

आइए, "हिंदी दिवस" के इस अवसर पर राजभाषा हिंदी के प्रति अपने संवैधानिक दायित्व एवं प्रतिबद्धता को दोहराएँ और संकल्प लें कि सरकारी कामकाज में सरल, सहज हिंदी का प्रयोग बढ़ाएँगे और अपने सहकर्मी अधिकारियों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करेंगे।

जय हिन्द !

(राजीव गौबा)

Cabinet Secretariat, Rashtrapati Bhavan, New Delhi-110004
Tel: 011-23016696, 23011241 Fax: 011-23018638 E-mail: cabinetsy@nic.in